तेरी जय हो गौरी लाल | by Pramod Tripathi

विघ्न कटे संकट मिटे मंगल हो हर काज
बाधाएं सब दूर करे हे गणपति महाराज

पिता जिनके शिव महाकाल
विघ्नो को देते टाल
पूजे जग तुमको पहले
रुतबा देवों में कमाल
हैं नमन तुम्हें गणनायक
तेरी जय हो गौरी लाल

एक दन्त गजमुख तेरा
तुम चार भुजा के धारी हो
मोदक प्रिय तुमको है
मूसक की करते सवारी हो
कोई लाया फल मेवा
कोई लाया चढाने दुशाल
पूजे जग तुमको पहले
रुतबा डिवॉन में कमाल
हैं नमन तुम्हें गणनायक
तेरी जय हो गौरी लाल

जो गणपति जी का ध्यान धरे
प्रभु सब उनके संताप हरे
घर आँगन महके खुशियों से
रिद्धि सिद्धि घर में निवास करे
तेरी सेवा में मन लगता
तभी मुझसे है दूर बवाल
पूजे जग तुमको पहले
रुतबा डिवॉन में कमाल
हैं नमन तुम्हें गणनायक
तेरी जय हो गौरी लाल

करते तेरा सब वंदन
प्रभु आन बिराजो अभिनन्दन
तुम मनवांछित फल देते
भक्तों की झोली भर देते
बस दया रहे तेरी
कट जाए सब जंजाल
पूजे जग तुमको पहले
रुतबा डिवॉन में कमाल
हैं नमन तुम्हें गणनायक
तेरी जय हो गौरी लाल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-by-pramod-tripathi/